2020-21

एन. एस. एस. गतिविधियाँ

दिनांक	गतिविधि
12-01-21	राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता
13-01-21	वृद्ध आश्रम में मूंगफली और रेवड़ी का वितरण
17-01-21	एक दिवसीय शिविर का आयोजन
23-01-21	पराक्रम दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता
26-01-21	एक दिवसीय शिविर का आयोजन

'स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे : डा. ऋषिपाल बेदी'

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को सम्मानित करते प्राचार्य डा. ऋषिपाल बेदी व अन्य।

प्रतियोगिता के दौरान अपने-अपने स्लोगनों के साथ डी.ए.वी. कालेज पूंडरी के विद्यार्थी।

कैथल, 12 जनवरी (मित्तल) : डा. भीम राव अम्बेदकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में कालेज को एन.एस.एस.इकाई, स्वामी विवेकानंद युवा प्रकोष्ठ और रैडरिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद और युवा विषय पर अपने विचार रखे। एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. अभिषेक गोयल ने स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनके लगाव को स्वयंसेवकों के सामने रखा। उन्होंने बताया कि विवेकानंद जी भारत को बचपन का हिंडोला, जवानी का आनंदलोक और बुढ़ापे का बैकुंठ बताते थे। प्रतियोगिता में आदित शर्मा ने प्रथम, सचिन सैनी ने द्वितीय और गोविंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आदित शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि स्वामी जी युवाओं के लिए मार्गदर्शक थे। कालेज प्राचार्य डा. ऋषिपाल बेदी ने कहा कि स्वामी जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के संयोजक डा. मेहर सिंह ने विद्यार्थियों को एड्स की जानकारी देते हुए कहा कि एड्स से सावधानी ही बचाव है। इसके लिए युवाओं को जागृत होना होगा और समाज को भी जागृत करना होगा। सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ कि ओर से प्रो. सुभाष शर्मा ने तेज गति से वाहन न चलाने, हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट बांधने का युवाओं से आह्वान किया। प्रतियोगिता में डॉ. रोजी गुप्ता, प्रो. सुभाष शर्मा और प्रो. विरेंद्र खटकड़ ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

'स्वामी विवेकानंद की 158वी जंयती पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित'

पूंडरी, (अतुल) : डी.ए.वी. कालेज पूंडरी में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्वामी विवेकानंद यूथ क्लबद्वारा स्वामी विवेकानंद की 158वी जंयती पर स्लोगन (नारा) लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियो ने बढ-चढ कर भाग लिया।

इस अवसर पर प्रो. रितु रानी ने प्रतिभागियों को कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत की युवा शक्ति को नई ऊर्जा व नई विवेकशीलता दी। कार्यक्रम अधिकारी डा. वैभव दत्त शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद 39 वर्ष के संक्षिप्त जीवन-काल मे जो काम कर गए वह आने वाली अनेक शताब्दियों तक पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। प्रो. रजनी अरोड़ा ने विद्यार्थियो को कहा कि यदि स्वामी विवेकानंद के केवल एक विचार 'उठो, जागो, और तब तक नही रुको जब तक लक्ष्य न प्राप्त हो जाए' को भी अपने जीवन मे आत्मसात करलें तो हमें जीवन मे सफलता पाने से कोई भी शक्ति नही रोक सकती। निर्णायक मंडल की ओर से प्रो.आशु गिरधर ने जानकारी दी की गौरव व वंदना को क्रमश: प्रथम व द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को सामाजिक दूरी के नियमों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का समापन समारोह और 24वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2021 के उद्घाटन समारोह को दिखाया गया।

इस अवसर पर कालेज उप-अधीक्षक कृष्ण कुमार, प्रो. परविंद कुमार, राजीव सोनी तथा उपेंद्र भारती उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed,13 January 2021
Edition: kaithal kesari, Page no. 3

दैनिक भास्कर कैथल भास्कर 14-01-2021

स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम में मनाया लोहड़ी का त्योहार

कैथल | राजकीय महाविद्यालय कैथल की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने बुधवार को सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित वृद्धाश्रम और बाल उपवन आश्रम में वृद्धजनों और बच्चों से मुलाकात की। स्वयंसेवकों ने उन्हें लोहड़ी की बधाई दी और मूंगफली और रेवड़ी उनके बीच बांटी। टेकिंग केयर ऑफ ओल्ड ऐज पर्सन योजना के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल ने बताया कि युवाओं में बुजुर्गों के प्रति सम्मान एवं अपनेपन की भावना विकसित करने के लिए यह योजना आरंभ की गई है। स्वयंसेवकों ने उनकी समस्याओं और अनुभवों के बारे में बात की। जब एक वृद्ध महिला से स्वयंसेवक ने उनकी समस्या के बारे में पूछा तो उनका कहना था कि कोई उनसे मिलने नहीं आता लेकिन आज तुम लोग मिलने आए तो बहुत अच्छा लगा। इस अवसर पर वृद्ध महिलाओं ने लोहड़ी का पारंपरिक गीत विद्यार्थियों को सुनाया और इसके पीछे छिपे भाव को साझा किया। वृद्ध और बाल आश्रम में सचिन, विकास, पंकज, गोविंद, प्रथम, अंशुल, मनीषा, ऋतु, विजय, बबलू, आरती, धीरज, आशीष और गौरव आदि स्वयंसेवकों ने उनके साथ समाज के प्रति दायित्व और जिम्मेदारियों पर बात की।

दैनिक भास्कर

कैथल भास्कर 18-01-2021

पानीपत, सोमवार 18 जनवरी, 2021 | 02

स्वयंसेवकों ने कॉलेज में चलाया सफाई अभियान

कैथल | राजकीय महाविद्यालय कैंप में श्रमदान करते स्वयंसेवक।

भास्कर न्यूज | कैथल

राजकीय कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कैंप में स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए कॉलेज प्रांगण की सफाई की। उन्होंने साइकिल स्टैंड और खेल मैदान की सफाई की। कॉलेज प्रांगण में स्थित पार्कों की सफाई करते हुए खरपतवार को निकाला। कॉलेज कैंपस के गमलों की सफाई करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित ढंग से रखा। पेड़-पौधों की क्यारिया बनाई और कॉलेज को पॉलीथिन मुक्त बनाया। स्वयंसेवकों ने कॉलेज को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का प्रण लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हुए देशहित में कार्य करना चाहिए।

दैनिक सवेरा
अंधेरे से उजाले की ओर... टाइम्स

नेता जी के जीवन से प्रेरणा लें युवा : डॉ. बेदी

भाषण प्रतियोगिता में शिवानी शर्मा ने मारी बाजी

कैथल, 23 जनवरी (प्रदीप हरित) : डॉ. भीम राव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी विवेकानंद युवा प्रकोष्ठ और रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भारत की आजादी में नेता जी के अविस्मरणीय योगदान के बारे में बताते हुए उन्हें याद किया । एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य आजादी की नींव में दबे, भूले और बिसरा दिए गए अनाम शहीदों को याद करने और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना होता है। युवाओं को शहीदों के दिखाए गए मार्ग पर चलकर राष्ट्र को उन्नित के मार्ग की ओर अग्रसर करना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में पत्रकारिता विभाग की छात्रा शिवानी शर्मा ने प्रथम, सचिन सैनी द्वितीय और वाणज्यि विभाग के गोविन्द सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल बेदी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आजाद हिन्द फौज के संस्थापक सुभाष चन्द्र बोस ने देश को आजाद करने के लिए अपने जीवन को लगा दिया और हजारों युवाओं को देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। हमें उनके जीवन और संघर्ष से प्रेरणा लेते हुए देशिहत में कार्य करना चाहिए। रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. मेहर सिंह ने कहा कि युवाओं को तेज गति से वाहन नहीं चलाने चाहिए और यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। युवाओं को अपनी जिन्दगी सड़क दुर्घटना में न गंवाकर देश की तरक्की में लगानी चाहिए। इस अवसर पर निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. सुनील गर्ग, प्रो. सुभाष शर्मा, प्रो. वीरेंदर खटकड़ रहे।

विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य।